बालाजी की ध्वजा लहराती है | By Kumaar Mukesh

कोई अला बला और विपदा मेरे पास ना आती है
मेरे घर के ऊपर बालाजी तेरी ध्वजा लहराती है

जिसके भी सर पे बाबा तेरा हाथ रहता है
ना हो कोई बाल भी बांका सदा साथ रहता है
तेरा नाम पुकारने से हर बला टल जाती है
मेरे घर के ऊपर बालाजी तेरी ध्वजा लहराती है

जब जब भी कोई संकट मुझ पर आया है
तुमने ही मेरा सोया भाग्य जगाया है
तेरा नाम सुमरने से ही बिगड़ी सब बन जाती है
मेरे घर के ऊपर बालाजी तेरी ध्वजा लहराती है

राम राम रटते जाओ बजरंगी आएंगे
आकर के नैया भव से पार लगाएंगे
चरणों में सारी दुनिया प्रभु शीश झुकाती है
मेरे घर के ऊपर बालाजी तेरी ध्वजा लहराती है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%a7%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-k/